समाचार

ईद मिलन समारोह में शामिल हुई महापौर

(एच.टी.पी.पी. मदीना मस्जिद में किया गया आयोजन)

कोरबा 10 जुलाई 2017 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल रविवार को एच.टी.पी.पी. दर्री स्थित मदीना मस्जिद में आयोजित ईद मिलन समारोह में शामिल हुई, उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों एवं नागरिकबंधुओं को ईद पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी, इस मौके पर आयोजकों द्वारा महापौर श्रीमती अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत दर्री एच.टी.पी.पी कालोनी स्थित मदीना मस्जिद में ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन मुस्लिम वेलफेयर कमेटी एवं मुस्लिम यंग कमेटी के द्वारा रविवार को किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए समारोह का शुभारंभ कराया, उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकबुधओं को ईद पर्व की बधाईयां व अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद मिलन के इन सुंदर आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा व सदभावना को बल मिलता है, आपस में प्रेम व स्नेह बढ़ता है, निश्चित रूप से ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस मौके पर समाज के लोगों एवं कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने वहां पर सामुदायिक भवन निर्माण एवं सड़क का निर्माण कार्य कराए जाने के लिए महापौर श्रीमती अग्रवाल

को धन्यवाद दिया एवं आभार व्यक्त किया। इस पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि मैं सदैव क्षेत्र के विकास के लिए तथा आप लोगों की विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयासरत रहती हूँ, भविष्य में भी जो आवश्यकताएं होंगी, उन्हे अवश्य पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, पार्षद अघनबाई, आशीष अग्रवाल सहित कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यगण एवं काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।